अध्याय – 1| गणित में पैटर्न

QUIZ-01

1. **गणित को किसकी खोज माना गया है?**
   A. रंगों की
   B. पैटर्नों की
   C. भाषाओं की
   D. ध्वनियों की (B)

व्याख्या: अध्याय में गणित को पैटर्नों की खोज और उनके कारणों के स्पष्टीकरण के रूप में बताया गया है।

2. **पूर्ण संख्याओं के पैटर्न का अध्ययन किसमें होता है?**
   A. ज्यामिति
   B. बीजगणित
   C. संख्या सिद्धांत
   D. मापन (C)

व्याख्या: संख्या सिद्धांत में पूर्ण संख्याओं के पैटर्न का अध्ययन किया जाता है।

3. **1, 3, 5, 7, 9 कौन-सी संख्याएँ हैं?**
   A. सम संख्याएँ
   B. विषम संख्याएँ
   C. वर्ग संख्याएँ
   D. घन संख्याएँ (B)

व्याख्या : 1, 3, 5, 7, 9 सभी विषम संख्याएँ हैं।

4. **1, 4, 9, 16, 25 किस अनुक्रम का उदाहरण है?**
   A. वर्ग संख्याएँ
   B. घन संख्याएँ
   C. सम संख्याएँ
   D. विरहांक संख्याएँ (A)

व्याख्या : ये क्रमशः $1^2, 2^2, 3^2, 4^2, 5^2$ हैं, इसलिए वर्ग संख्याएँ हैं।

5. **1, 8, 27, 64, 125 कौन-सा अनुक्रम है?**
   A. त्रिभुजाकार संख्या
   B. घन संख्याएँ
   C. विषम संख्याएँ
   D. 2 की घातें (B)

व्याख्या : ये क्रमशः $1^3, 2^3, 3^3, 4^3, 5^3$ हैं।

6. **प्रथम 5 विषम संख्याओं का योग क्या है?**
   A. 15
   B. 20
   C. 25
   D. 36 (C)

व्याख्या : $1 + 3 + 5 + 7 + 9 = 25$, जो 5^2 है।

7. **1, 2, 4, 8, 16 कौन-सा अनुक्रम है?**
   A. 2 की घातें
   B. 3 की घातें
   C. गणन संख्याएँ
   D. सम संख्याएँ (A)

व्याख्या : प्रत्येक संख्या पिछली संख्या की दुगुनी है; यह 2 की घातों का अनुक्रम है।

8. **आकारों में पैटर्न का अध्ययन किस शाखा में होता है?**
   A. संख्या सिद्धांत
   B. ज्यामिति
   C. गणना
   D. बीजगणित (B)

व्याख्या : आकारों में पैटर्न का अध्ययन ज्यामिति कहलाता है।

9. **सम बहुभुज में क्या समान होता है?**
   A. केवल रंग
   B. भुजाएँ और कोण
   C. केवल आकार का नाम
   D. केवल रेखाएँ (B)

व्याख्या : सम बहुभुज में भुजाओं की लंबाइयाँ और कोण समान होते हैं।

10. **कोच हिमकण किसका उदाहरण है?**
    A. आकार अनुक्रम
    B. केवल संख्या अनुक्रम
    C. सम संख्या
    D. विषम संख्या (A)

व्याख्या : कोच हिमकण आकारों के पैटर्न/आकार अनुक्रम का उदाहरण है।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App